**बिहार सरकार**

**<u>ग्रामीण विकास विभाग</u>**

पत्रांक:- 3897352 पटना, दिनांक:- 28/03/2025

ग्रा०वि०-5/प्र०आ०यो०(सर्वेक्षण)-102-38/2024

प्रेषक,

**लोकेश कुमार सिंह,**
सरकार के सचिव ।

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त,**
बिहार ।

**विषय:-** **प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत योजना की प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए परिवारों को आवास का लाभ देने हेतु सर्वेक्षण कार्य की अवधि दिनांक 30.04.2025 तक विस्तारित करने के संबंध में ।**

प्रसंग:- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार का पत्रांक–M-12016/3/2025-RH-Pol. दिनांक 25.03.2025 एवं K-11012/01/2019-RH दिनांक 25.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार विभागीय पत्रांक 3526604 दिनांक 03.01.2025 से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत योजना की प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य परिवारों का सर्वेक्षण करते हुए उनका नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था । सर्वेक्षण की अंतिम तिथि दिनांक 31.03.2025 निर्धारित थी। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक- M-12016/3/2025-RH-Pol. दिनांक 25.03.2025 (प्रति संलग्न) द्वारा सर्वेक्षण कार्य दिनांक 30.04.2024 तक विस्तारित करने की सूचना दी गई है । साथ ही इस विस्तारित अवधि में योजना की प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए एवं नवसृजित परिवारों का शत-प्रतिशत सर्वेक्षण कर आवास प्लस, 2024 की सूची में शामिल करने का निदेश प्राप्त है ।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अर्द्ध सरकारी पत्र संख्या– K-11012/01/2019-RH दिनांक 25.03.2025(प्रति संलग्न) से सर्वेक्षण के क्रम में सभी योग्य लाभुकों का नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल करने के उद्देश्य से योग्य परिवारों को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के IEC Activities करने का भी निदेश दिया गया है । लाभुकों को जागरूक करने संबंधित फोटो एवं विडियों की मांग भी मंत्रालय द्वारा की गई है ।

साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाता है कि आवास विहीन सुयोग्य भूमिहीन परिवारों का भी सर्वेक्षण किया जाना है । इसमें किसी भी स्तर पर कोई भ्रम की स्थिति नहीं रहनी चाहिए ।

अतः अनुरोध है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत लाभुकों के सर्वेक्षण हेतु विस्तारित अवधि दिनांक 30.04.2025 तक विभिन्न प्रकार के IEC Activities के माध्यम से लाभुकों को जागरूक करते हुए शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों का नाम सर्वेक्षण सूची में शामिल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय ।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय ।

अनुलग्नक-यथोक्त ।

विश्वासभाजन

28/3/2025

**(लोकेश कुमार सिंह)**

सरकार के सचिव

ज्ञापांक 3897352 पटना, दिनांक 28/03/2025

प्रतिलिपि- सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव

28/3/2025